Sai Social Responsibility Research Centre

104, B.D. Chamber, D.B. Gupta Road, Karol Bagh, New Delhi – 110005

पर्यावरण दिवस

दिनांक 5 जून 2022 को साईं सोशल रेस्पोंसिविटी रिसर्च सेंटर सफदरगंज प्लाइओवर की झुग्गी में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया । इसका उद्देश्य समाज के विभिन्न लोगो के तबकों के प्रति जागरूक करना था । इस कार्यक्रम का उद्देश्य निवासियों को स्वच्छता प्रदूषण नियंत्रणं और पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराना था

इस दिन विद्यालयों, महाविद्यालयों, दफ्तरों और विभिन्न संस्थानों में वृक्षारोपण कार्यक्रम रैलियाँ, चित्रकला भाषण और निबंध प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती है। लोग पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प लेते हैं। और स्वच्छता जल संरक्षण तथा प्लास्टिक के कम उपयोग पर जोर दिया जाता है।

साईं सोशल रेस्पोंसिविटी रिसर्च सेंटर ने कार्यक्रम की शुरुआत झग्गी -बस्ती क्षेत्र के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली से हुई। हाथों में तख्तियां और नारों के माध्यम से उन्होने संदेश दिया |

"स्वच्छता अपनाओं, बीमारिओं को भगाओ", स्वच्छ पर्यावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। और "पेड लगाओ, जीवन बचाओ"। इसके बाद सामाजिक कार्यकर्ताओ और (SSRRC) की निर्देशिका डां सुशि सिंह ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक का अधिक उपयोग न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाता है। इस अवसर पर लोगों से कपड़ेऔर जूट के थैले इस्तेमाल करने की अपील की गई और कपड़े की थैलियां भी वितरित की गई।

इसके बाद झुग्गी क्षेत्र की सफ़ाई अभियान चलाया गया।स्वयंसेवकों ने कचरा इकट्ठा किया और बच्चों को बताया कि गीलेऔर सूखे कचरे को अलग -अलग रखना क्यों ज़रूरी हैं। महिलाओं और युवाओं ने भी बढ़- चढ़कर इसमें हिस्सा लिया।

पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का सबसे महत्त्वपूर्ण भाग डॉ सुशि मैम ने वृक्षारोपण से किया ।बच्चों,महिलायों और बुजुर्गों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। इसके बाद हम सब मिल के परिसर में नीम पीपल ,अशोक,आम,और अमरूद लगाए।स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और झुग्गी बस्ती के लोगो ने इन पौधो की देखभाल करने का वादा किया |

सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने पर्यावरण विषय पर नाटक और गीत प्रस्तुत किए। साथ ही निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें झुग्गी-बस्ती के बच्चों ने आगे बढ़- चढ़कर के हिस्सा लिया ।पर्यावरण हमारी जीवनरेख है, इसके बिना जीवन असंभव है। पानी की हर बूंद बचाना ही भविष्य को सुरक्षित बनाना है।

आज प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। इसका सीधा प्रभाव जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर पड़ रहा है। यदि हमें आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित जीवन देना है तो पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने होगें।

पर्यावरण की रक्षा करना केवल सरकार की नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। झुग्गी क्षेत्र में आयोजित साईं सोशल रेस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर का यह कार्यक्रम न केवल एक दिन की गतिविधि रहा, बल्कि वहाँ के लोगों को पर्यावरण और स्वच्छता की आदत आपनाने के लिए प्रेरित करने वाला एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम के साथ ही यह संदेश भी दिया कि अंत में सभी उपस्थित बच्चों युवाओं एवं महिलाओं ने यह संकल्प लिया कि वे अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखेंगे पानी की बार्वादी नहीं करेंगे अधिक से अधिक पौधे लगाएगे। साईं सोशल रेस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की यह पहल छोटी पर महत्वपूर्ण रहेगी।

साईं सोशल रेस्पोंसिबिलिटी एवं रिसर्च सेंटर की इस आयोजन ने झुग्गी क्षेत्र के लोगों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई चेतना जागृत की। यह कार्यक्रम वहाँ के जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ